भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं.1799

जिसका उत्तर 28.11.2019 को दिया जाना है

राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास

1799. श्री दिलेश्वर कामैतः

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को राष्ट्रीय राजमार्ग सं॰ 327ई की जीर्ण-शीर्ण दशा के बारे में जानकारी है;

(ख) यदि हां, तो राजमार्ग की मरम्मत और रख-रखाव के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं;

(ग) क्या भारतमाला परियोजना के अन्तर्गत धार्मिक गलियारे/राष्ट्रीय राजमार्ग हेतु बिहार के निकटवर्ती जिलों सहित सुपौल जिले में भूमि अधिग्रहण किया गया है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसकी वर्तमान स्थिति क्या है; और

(ङ) इस परियोजना पर निर्माण कार्य कब तक शुरू और पूरा किए जाने की संभावना है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क): जी, नहीं। बिहार में राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 327ई यातायात योग्य स्थिति में है।

(ख): प्रश्न नहीं उठता।

(ग): उचैठ भगवती स्थान (उमगांव) - बासोपट्टी - बेनीपट्टी - रहिका - मधुबनी - रामपट्टी -अवाम - लौफा - भेजा - मेहसी - तारास्थान- बनगांव - बरियाही - सहरसा के 04 पैकेजों के लिए भूमि का अधिग्रहण किया जा रहा है। कोसी नदी पर प्रस्तावित नए पुल सहित भेजा - बकौर खंड के एक पैकेज के लिए भूमि अधिग्रहण कार्य पूरा हो गया है।

(घ): कोसी नदी पर प्रस्तावित नए पुल सहित भेजा - बकौर पैकेज हेतु 43.00 हेक्टेअर भूमि अधिगृहीत कर ली गई है। अन्य पैकेजों के लिए अधिप्रमाणन हेतु संबंधित डीएलएओ को 3ए अधिसूचना भूमि राशि पोर्टल पर अपलोड करने के लिए प्रस्तुत कर दी गई है।

(ड.): पहुंचमार्गों के साथ कोसी पुल सहित भेजा - बकौर पैकेज को सौंप दिया गया है और दिनांक 08.11.2019 को अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए हैं। नियत तारीख के पश्चात् निर्माण अवधि 3.5 वर्ष के रूप में निर्धारित कर दी गई है। अन्य परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण पूरा होने के बाद शुरू की जाएंगी।

*****